आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आपदा प्रभावित मंडी जिले के दौरे के दूसरे दिन आज सराज विधानसभा क्षेत्र के वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे और यहां चल रहे राहत व बचाव कार्यों का जायज़ा लेंगे और वे प्रभावितों से बातचीत भी करेंगे। इससे पहले कल सांय मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने थुनाग बाजार का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आपदा में सराज विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जल्द ही वे दिल्ली जाकर केंद्रीय मंत्रियों से मिलेंगे और प्रदेश के लिए विशेष सहायता पैकेज की मांग करेंगे ताकि प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान की जा सके।

<u>मंडी जिला में धर्मपुर में आपदा आई, करसोग में आपदा आई, तो सबसे ज़्यादा नुकसान जो हुआ है वो सराज में हुआ है, सैंज में आपदा आई, निश्चित तौर पर हमारे प्रशासन ने बहुत अच्छा कार्य किया है। प्रदेश सरकार ने जिस तेज से आपदा प्रभावित परिवारों को पहुँचाया है और सबसे बड़ा जो मकसद था कि हम सड़क मार्ग से जोड़े । बगस्याड़ से थुनाग और थुनाग से जंजैहली को जोड़ने में सफल हुए हैं और निश्चित तौर पर गाँव के जो लिंक रोड़ हैं उन्हें जोड़ा जाएगा।</u>

इस बीच विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि इस त्रासदी में सराज विधानसभा क्षेत्र में अनुमानित पांच सौ करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस आपदा से हुई भरपाई के लिए जो भी प्रस्ताव केंद्र को भेजेंगे भाजपा उसका समर्थन करेगी।

<u>नड्डा जी ने भी इस बात को अनुभव किया है कि यहां बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है और नुकसान की भरपाई करने के लिए वक्त लगेगा और उन्होंने इस बात के लिए आश्वासन दिया है कि केंद्र के समक्ष जो भी प्रस्ताव नुकसान की भरपाई के लिए प्रस्तुत करेंगे, गवर्नमेंट के माध्यम से हम उसका पूरा स्पोर्ट करेंगे। मैंने मुख्यमंत्री जी से विशेष तौर पर कहा है कि यह बहुत असमान्य स्थिति है। इसीलिए प्रोजेक्ट्स स्पेसिफिक, एरिया स्पेसिफिक होकर यहां आपको बजट देना चाहिए। अगर प्राईवेट और सरकारी प्रॉपर्टी को देखें तो करीब 500 करोड़ का नुकसान हुआ है।</u>

जितेंद्र–शिकायतें

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने जन शिकायतों के समाधान के तरीके में आमूल–चूल परिवर्तन का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि नागरिकों की संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए शिकायत निवारण केवल निपटान तक सीमित नहीं होना

चाहिए। नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि हमें शिकायतों को नीतियों और प्रशासनिक नियमों में खामियों की पहचान करने के अवसर के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायत निवारण प्रणालीगत सुधार और जीवन को सुगम बनाने का एक साधन होना चाहिए।

श्रीखंड यात्रा

धार्मिक आस्था और साहस के प्रतीक से जुड़ी श्रीखंड महादेव यात्रा आज से शुरू हो गई है। यात्रा का पहला जत्था आज सुबह सिंहगाड़ से रवाना हुआ। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए कुल्लू जिला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता।

हिमाचल प्रदेश की धार्मिक आस्था और साहस की प्रतीक श्रीखंड महादेव यात्रा आज से शुरू हो गई है। हिमाचल प्रदेश सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर द्वारा यात्रा पर जाने वाले पहले जत्थे को आधार शिविर सिंहगाड़ से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। 18,570 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड महादेव तक पहुँचने के लिए भक्तो को 32 किलोमीटर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है तथा बर्फ के छह ग्लेशियरों को पार करना पड़ता है। इस बार यह यात्रा 23 जुलाई तक चलेगी स यात्रा में प्रतिदिन अधिकतम 800 श्रद्धालुओं को ही जाने की अनुमति दी गई है।

बधाई

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने श्रीखंड महादेव यात्रा के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की यह यात्रा मंगलमयी हो। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे यात्रा के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का उचित पालन करें।

मौसम

प्रदेश के कुछ जिलों में मानसून की वर्षा का क्रम आज भी रूक–रूक कर जारी है। बीते दिनों मानसून की भारी वर्षा से हुई विभिन्न आपदा जैसी घटनाओं में अभी तक मरने वालों की संख्या 85 तक पहुंच गई है जबकि 34 लोग अभी भी लापता हैं। इन घटनाओं में एक सौ 29 लोग घायल हुए हैं। वर्षा से सर्वाधिक प्रभावित मंडी जिले में मृतकों का आंकड़ा 20 तक पहुंच गया है जबकि 27 लापता लोगों की तलाश जारी है। प्रदेश में वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य लगातार जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।